भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या –2238

सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)

ऊपरी भद्रा परियोजना के लिए धनराशि जारी करना

2238. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:
क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में ऊपरी भद्रा परियोजना के कार्यान्वयन के लिए धनराशि जारी करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कर्नाटक राज्य सरकार के साथ कोई बैठक/परामर्श किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या; और

(ङ) ऊपरी भद्रा परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ङ): कर्नाटक सरकार ने इस परियोजना को त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) -प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत शामिल करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया था। भारत सरकार ने, दिसम्बर, 2020 में जल शक्ति मंत्रालय की सलाहकार समिति द्वारा ऊपरी भद्रा परियोजना के तकनीकी - आर्थिक मूल्यांकन, मार्च, 2021 में जल शक्ति मंत्रालय की आयोजित निवेश मंजूरी समिति की बैठक तथा अक्तूबर, 2022 में आयोजित सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआईबी) की बैठक के दौरान राज्य सरकार के साथ मीटिंग की थी।

*****